# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## मार्च 2019




नगर पालिक निगम भिलाई



श्री देवेन्द्र यादव
महापौर

# संदेश

शहर में निवासरत सभी नागरिकों को शुभकामना, मैं अपनी पूरी क्षमता व लगन के साथ प्रयासरत हुं कि अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधा पहुंचे। हम अपने इस लौह नगर को स्वच्छता, पानी, बिजली, सड़क, व्यवस्थित बाजार, पार्क, उद्यान,खेल-कूद, शिक्षा, आपसी प्रेम भाईचारा, सांस्कृतिक महोत्सव, आदि सभी **क्षेत्रों** में अग्रणी बनायेंगे। हम सब लोग मिलकर ही अपने शहर को स्वच्छ भिलाई सुन्दर भिलाई व स्वस्थ भिलाई बना सकतें है।

श्री देवेन्द्र यादव
महापौर
नगर पालिक निगम
भिलाई

## मेटाडोर स्टैण्ड न्यायालय के निर्देश पर खाली कराया गया

भिलाईनगर/ साडा के समय आबंटित महात्मा गांधी मार्केट के रिक्त भूखण्ड के विषय में दायर याचिका में फैसला करते हुए माननीय उच्च न्यायालय ने वहां संचालित हो रहे मेटोडोर स्टैण्ड को 8 सप्ताह के भीतर खाली करवाकर वास्तविक आबंटी को सौपने का निर्देश स्थानीय प्रशासन को दिया था जिसपर जिला प्रशासन और पुलिस बल की मौजुदगी में निगम के राजस्व अमले ने आबंटित भूखण्ड को रिक्त कराकर भू-स्वामी को चिन्हांकित कर भूमि का आधिपत्य सौंपा दिया। नगर के प्रमुख मार्ग जीई रोड से लगकर पावर हाउस के समीप स्थित महात्मा गांधी मार्केट में साडा कार्यकाल में गुरजीत सिंह, हरबंश कौर, आलोक वर्मा को भूमि आबंटित की गई थी जिसपर मेटाडोर स्टैण्ड संचालित हो रहा था जिसके खिलाफ आबंटियों ने माननीय उच्च न्यायालय में वाद प्रस्तुत किया था। इस प्रकरण पर माननीय न्यायालय ने उक्त भूमि को रिक्त करवाकर आबंटितो को आधिपत्य दिलाने के निर्देश जिला प्रशासन को दिये थे। पूर्व में भी निगम के राजस्व अमले ने दो बार नोटिस जारी कर मेटाडोर स्टैण्ड को खाली करने को कहा था जिसपर मेटाडोर युनियन के पदाधिकारियों ने स्वतः निर्धारित दिनांक तक खाली कर देने का लिखित आश्वासन प्रशासन को सौंपा था किन्तु अपने द्वारा दी गई तिथियों पर उनके द्वारा भूखण्ड खाली नहीं किये जाने पर जिलाधीश अंकित आनंद के निर्देश पर आयुक्त एस0के0 सुंदरानी ने उक्त भूखण्ड को रिक्त कराने के निर्देश राजस्व अमले को दिये थे। राजस्व अमले ने उक्त भूखण्ड को खाली कर आबंटितों को आधिपत्य दिलाने के लिए आज की कार्यवाही निर्धारित की और अंततः आज मेटोडोर स्टैण्ड खली कराकर भूमि स्वामी को आधिपत्य से संबंधित दस्तावेज सौंप दिये गये।



## नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त एस.के. सुंदरानी के निर्देशन पर किया जा रहा है नालों की सफाई एवं नालों में बहने वाले कचरे की रोकथाम के उपाय

भिलाईनगर/निगमायुक्त सुंदरानी ने निगम भिलाई के समस्त जोन आयुक्त को विगत दिनों 19 मार्च को हुए बैठक में आगामी बारिश को देखते हुए नाली की विस्तृत सफाई करने के निर्देश दिए हुए हैं। इसी तारतम्य में जोन क्षेत्र में बड़े नालों की सफाई भी की जा रही है। जिन क्षेत्रों पर बड़े नालों एवं नाली से होकर जाने वाले पानी जो कि तालाब में जाकर सम्मिलित होते हैं वैसे स्रोतों से आने वाले नालियों में बहने वाले कचरे जैसे -लकड़ियों के टुकड़े, पॉलीथिन एवं इससे बनंे सामग्री, डिस्पोजल, पन्नी आदि कचरा को रोकने के लिए निगम आयुक्त के निर्देश पर विशेष प्रकार के विकल्प जैसे-जाली लगाने का कार्य अपनाते हुए कचरे को रोकने की व्यवस्था की जा रही है जिसका उद्देश्य यह है कि इस प्रकार के कचरे को आसानी से निकाला जा सके साथ ही इस प्रकार के माध्यमों से तालाबों में कचरा एकत्रित ना हो।इसी कड़ी में निगम भिलाई जोन क्रमांक 6 अंतर्गत ‘‘स्वच्छता पखवाड़ा‘‘ के तहत 60 कर्मचारियों के विशेष गैंग द्वारा रिसाली क्षेत्र में गांधी चैक से नाली एवं बड़ा नाला सफाई करते हुए रूआबांधा सेक्टर के अंतिम क्षेत्र तक सफाई किया गया जिसमें झरिया पारा तलाब के आसपास के क्षेत्र की सफाई भी सम्मिलित है। जोन क्रमांक 3 मदर टैरेसा नगर क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 22 श्याम नगर मेर साइफन नहर नाला की सफाई विशेष गैंग द्वारा की गई साथ ही घरों में कीटनाशक छिड़काव व नहरनाला के किनारे मलेरिया ऑयल का छिड़काव किया गया।






# भिलाई के उड़नदस्ता टीम ने होटल मालिक, टेन्ट संचालक, बिल्डिंग मटेरियल का कारोबार करने वाले 10 लोगों के खिलाफ कार्यवाही की।

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के उड़नदस्ता टीम ने गंदगी फैलाने वाले होटल मालिक, टेन्ट संचालक, बिल्डिंग मटेरियल का कारोबार करने वाले 10 लोगों के खिलाफ कार्यवाही की। वैवाहिक कार्यक्रम के बाद खुले स्थान पर गंदगी फैलाने वाले संजय टेन्ट हाउस वार्ड 24 बैकुण्ठ धाम के खिलाफ कार्यवाही की। सालिड वेस्ट मैनेजमेंट एवं पर्यावरण संरक्षण संशोधन अधिनियम 2019 के तहत् 2100 रुपये का जुर्माना लगाया साथ ही उन्हे चेतावनी दी गई की दूसरी बार इस तरह की हरकत करने पर दोगुना पेनाल्टी वसूल किया जायेगा। शुक्रवार की रात को बैकुण्ठ धाम मंदिर के सामने खाली मैदान में वैवाहिक कार्यक्रम हुआ। खाद्य पदार्थ एवं डिस्पोजल, गिलास, कटोरी एवं प्लेट को मैदान में फेंककर चला गया। सुबह निगम की टीम पहुंची तो वहां कचरा बिखरा हुआ मिला कर्मचारियों ने लोगों से पूछताछ की तो पता चला कि संजय टेन्ट हाउस का दुकान शारदा पारा में हैं टीम वहां पहुंची और संचालक को फोटो दिखाते हुए मैदान की सफाई कराने कहा और पेनाल्टी की कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान वरिष्ठ स्वच्छता निरीक्षक व्ही.के. सेमुवल, पवन मिश्रा, रामायण सिंह, राजेश गुप्ता, अंजनी सिंह, दानीलाल मछिरके, चन्द्रशेखर मिश्रा, रेखराम भारती, अनिल देशमुख, शत्रुघन सिंह, मनोज तिवारी, राजा शेण्डे, अरविन्द जयसवाल, निलेश्वर देशमुख, रमेश शर्मा उपस्थित रहे।






# शिवनाथ नदी की इंटकवेल में आई खराबी को सुधारकर मोटर पम्प को चालू किया गया

भिलाईनगर/ शिवनाथ नदी की इंटकवेल में आई खराबी को सुधारकर 400 एच0पी0 का मोटर पम्प को चालू किया गया है 77 एमएलडी फिल्टर प्लांट में पानी पहुंचने के बाद निगम के सम्पूर्ण क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है। आयुक्त एस0के0 सुंदरानी ने बताया कि नगर निगम के यांत्रिकीय विभाग, विद्युत विभाग, एवं पीएचई की टीम दिन रात इंटकवेल शिवनाथ नदी में डटे रहकर आई खराबी को ठीक कर लिया गया है। 400 एच0पी0 क्षमता के पम्प से फिल्टर प्लांट में पानी लिफ्ट किया गया है जिसे विभिन्न वार्डों में बनाये गये पानी टंकी में भरा गया और लोगों की घरों तक पहुंचाने का कार्य प्रारम्भ हो गया है। इसके बावजुद भी क्षेत्र में पेयजल की कोई कमी न हो इस हेतु वार्ड में लगाये गये पावर पम्प तथा हैण्डपम्प को भी चालू करवाया गया है। अभी भी पेयजल आपूर्ति नहीं होने की जहां से शिकायत प्राप्त हो रही है ऐसे स्थानों पर टैंकर से जलप्रदाय करने के निर्देश जोन आयुक्त को दिये गये है। श्री सुंदरानी ने आगे कहा कि सभी जोन को स्पष्ट रुप से कहा गया है कि पेयजल की आपूर्ति में किसी भी तरह की कोई कोताही बर्दाश्त नहीं होगी अवकाश के दिनों में भी जल विभाग की पूरी टीम मुस्तैद रहकर टैंकरों से पानी उपलब्ध करायेंगे। उन्हे यह भी निर्देशित किया गया है कि घर तक जलापूर्ति हेतु लगाये गये पाईप लाईन में लिकेज की कोई शिकायत प्राप्त होती है तो उसका संधारण तत्काल करें किसी भी स्थिति में पेयजल के लिए नागरिकों को कठिनाई उठाना न पड़े।



# भिलाई के सम्पत्तिकर वसूलीकर्ता निजी एजेंसी स्पेरो साॅफ्टेक प्रायवेट लिमिटेड को नोटिस

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई के सम्पत्तिकर वसूलीकर्ता निजी एजेंसी स्पेरो साॅफ्टेक प्रायवेट लिमिटेड शाखा भिलाई के मैनेजर एवं कर्मचारियों के साथ बैठक में सम्पत्तिकर अधिकारी अशोक द्विवेदी ने कहा कि आप लोगों को निगम द्वारा नोटिस दिया गया है इसके बाद भी मार्च के अंत में की जा रही टेक्स की वसूली संतोषप्रद नहीं है। प्रतिदिन 67 लाख रुपये का लक्ष्य दिया गया है जिसे शेष दिनों में पूरा करें। उन्होने एजेंसी के कर्मचारी कमलेश मारकण्डे द्वारा टेक्स की राशि में की गई हेराफेरी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर निगम को सूचित करने के निर्देश स्पेरो कम्पनी के मैनेजर को दिये। श्री द्विवेदी ने कहा कि जिन करदाताओं से टेक्स के रुप में बड़ी राशि की वसूली की जानी है तथा बार-बार नोटिस के बाद भी टेक्स की राशि जमा नहीं कर रहा है ऐसे करदाताओं के विरुद्ध कार्यवाही के लिए प्रस्ताव देवें, ताकि उनके विरुद्ध नगर पालिक अधिनियम 1956 में वर्णित धारा के तहत् कुर्की की कार्यवाही हेतु कुर्की आदेश जारी किया जा सके। उन्होने साल के अंत में कम्पनी द्वारा टेक्स वसूली के लक्ष्य को प्राप्त नहीं करने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि वार्ड में लगे वसूली इंजार्च मार्च के शेष दिनों में घर-घर सर्वेकर टेक्स जमा करवायें, टेक्स वसूली में फिल्ड में किसी भी तरह की कोई परेशानी होती है तो उसे कार्यालय को अवगत करायें ताकि आपके साथ निगम के अधिकारियों की टीम बनाकर जोन स्तर पर भेजा जा सके, ताकि शत्-प्रतिशत वसूली हो।



# चंद्रा मौर्य टॉकीज के समीप अंडर ब्रिज के जल निकासी की समुचित व्यवस्था के लिए निगम आयुक्त एस.के. सुंदरानी ने किया निरीक्षण

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री एस के सुंदरानी ने चंद्रा मौर्या टॉकीज के समीप स्थित अंडर ब्रिज में बारिश से होने वाले जलभराव की स्थिति से निजात पाने के लिए कार्य योजना तैयार किए जाने हेतु जोन आयुक्त जोन क्रमांक 3 एस.पी. साहू को निर्देश दिए थे जिस पर जोन आयुक्त साहू द्वारा जल निकासी की समुचित व्यवस्था को लेकर निगम मुख्यालय के आयुक्त कक्ष में विस्तार से बताया। इस संबंध में भिलाई प्रबंधन के जल कार्य से संबंधित अधिकारी आर.पी. देवांगन ने अपना सुझाव दिया।आयुक्त सुंदरानी द्वारा जल निकासी की समुचित व्यवस्था हेतु क्षेत्र के भौगोलिक स्थिति, जल प्रवाह की दिशा, वर्षा ऋतु में होने वाले प्रतिदिन की अधिकतम औषत वर्षा का आकलन, वाटर हार्वेस्टिंग के साथ-साथ वाटर रिचार्ज की व्यवस्था, संपवेल की निर्धारित क्षमता, वर्तमान में लगे हुए पंप की कार्य क्षमता को सम्मिलित करते हुए कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए हैं।तत्पश्चात आयुक्त महोदय द्वारा चंद्रा मौर्य अंडर ब्रिज के समीप लगभग 1 किलोमीटर क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते रहे। आयुक्त महोदय द्वारा अंडर ब्रिज के समीप स्थित मारुति सुजुकी वर्कशॉप एवं सर्विस सेंटर के कर्मचारियों से चर्चा कर पानी के पुनर्चक्रण की व्यवस्था करने हेतु चर्चा की। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता आर.के. साहू, जोन आयुक्त जोन क्रमांक 3 एस.पी.साहू, सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे।





## निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय मे राष्ट्रगान के पश्चात मतदाता जागरूकता संदेश

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय मे आज प्रतिदिन तय समय पर होने वाले राष्ट्रगान के पश्चात मतदाता जागरूकता संदेश देने के लिए उपस्थित सभी अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा बाएं हाथ की उंगली को दिखाकर मतदान अवश्य करें का नारा लगाते हुए मतदाता जागरूकता संदेश दिया गया साथ ही उपस्थित अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को अपनाते हुए स्वयं के द्वारा अवश्य मतदान करने का शपथ एवं संकल्प लिया गया।

निगमायुक्त सुंदरानी ने लोक सभा निर्वाचन 2019 के अंतर्गत स्वीप कार्यक्रम के माध्यम से मतदाता जागरूकता व शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित हो इस दृष्टिकोण से निकाय स्तर पर निगम भिलाई के लिए स्वीप दल का गठन कर दिया है जिसमें नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी सहित सदस्यों की नियुक्ति करते हुए इन्हें शत प्रतिशत मतदान किए जाने हेतु सार्वजनिक स्थल जैसे पार्क, माल, सिविक सेंटर, बाजार, मुख्य चैक चैराहे, स्कूल, कॉलेजों भीड़-भाड़ वाले इलाके इत्यादि में मतदाता जागरूकता अभियान का कार्य संपादन करने हेतु आदेशित किया गया है। मुख्य कार्यालय में आज गोल घेरा बनाकर मतदाता जागरूकता का शपथ लिया गया अधिकारी/कर्मचारियों में 23 अप्रैल को होने वाले मतदान को लेकर उत्साह नजर आया। आयुक्त श्री सुंदरानी ने कहा कि हम कहीं भी रहे परंतु 23 अप्रैल को समय 7::00 से 5::00 बजे होने वाले मतदान दिवस में अवश्य मतदान के लिए पहुंचे यह हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए ।




नगर पालिक निगम भिलाई

# शासकीय कर्मचारियो का विदाई समारोह

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम, भिलाई से अर्द्धवार्षिकीय आयु पूर्ण करने वाले बी0पी0 तिवारी, अमजद अली, उमेन्द्र, हरिहर प्रसाद चन्द्राकर, समय लाल वर्मा एवं पंचूराम को निगम सभागार में आयोजित बिदाई समारोह में आयुक्त एस0के0 सुंदरानी, उपायुक्त अशोक द्विवेदी, तरुण पाल लहरे, प्रभारी अधिकारी मूर्ति शर्मा, आई0एल0 यादव, प्रशांन्त शुक्ला ने शाॅल, श्रीफल, प्रतिक चिन्ह, एवं देय राशि चेक प्रदान कर निगम के अधिकारी, कर्मचारियों ने भावभीनी बिदाई दी। इस अवसर पर आयुक्त ने कहा कि सभी सेवानिवृत्त कर्मचारी अपने जीवन के महत्वपूर्ण वर्ष संस्था को दिये हैं और निष्कलंक सेवानिवृत्त हो रहें हैं इसके लिए बधाई के पात्र है। निगम परिवार इनके शेष जीवन की उज्जवल भविष्य की एवं दीर्घायू होने की कामना करता है। कार्यक्रम में संजय शर्मा, विष्णू चन्द्राकर, शरद दुबे, रामेश्वर चन्द्राकर, संतोष जोशी, जीवन वर्मा, पुरुषोत्तम अठभैया, राज सच्चर, वामन राव, वकील अहमद, कृष्णा देशमुख, अनिल मिश्रा, विजेन्द्र परिहार, रामायण सिंह, सहित निगम के अधिकारी, कर्मचारी एवं सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों की परिवारजन उपस्थित थे।




**Editorial Board**

श्री एस.के. सुन्दरानी
आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई



**Contact & Address**

श्री पी.सी सार्वा
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई